तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

4 करोड़ों रुपए राजस्व देने वाले रजिस्ट्री आफिस में ढेरों अव्यवस्थाएं, बैठने के लिए जगह भी नहीं





## खबर संक्षेप



### 15 मेडिकल दुकान संचालकों को चेतावनी

**रायगढ़।** जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के अवैध क्रय.विक्रय और भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से व्यापक जांच अभियान चलाया। जिला, पुलिस तथा औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों में सघन जांच और निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 15 मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए कि बिना डॉक्टर की वैध प्रिस्क्रिप्शन के किसी भी प्रकार की नशीली या मनः प्रभावी दवाइयों का क्रय.विक्रय न किया जाए। निरीक्षण के दौरान दवा विक्रेताओं को संबंधित कानूनों, भंडारण नियमों तथा रिकॉर्ड संधारण के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। जिन मेडिकल स्टोर को इस संबंध में चेतावनी दी गई है इनमें गुजराल मेडिकल, सलूजा, लक्ष्मी, महामिया, प्रमोद, निरूपमा, आशीर्वाद, नेहा, विजय मेडिकल सहित अन्य मेडिकल स्टोर शामिल है। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कहा कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सांकरा में रात्रिकालीन जन चौपाल आज

**सारंगढ़।** प्रशासन गांव की ओर थीम पर बुधवार 25 फ़रवरी को रात्रिकालीन जनचौपाल का आयोजन कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे की उपस्थिति में सरिया तहसील के ग्राम सांकरा में किया जाएगा। जहाँ कलेक्टर ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। इस चौपाल में पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आबकारी, विद्युत, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, लोक निर्माण, कृषि, सहकारिता, खाद्य, समाज कल्याण, स्वास्थ्य सहित पूरे विभाग के जिला अधिकारियो की उपस्थिति भी रहेगी। सांकरा के रात्रिकालीन चौपाल में शासन की योजनाओं से लाभ की जानकारी, गांव की समस्या, किसानों और ग्रामीणों की मांग, शिकायत, सुझाव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मितानिन के नर्स, शिक्षक, पंचायत सचिव आदि सरकारी संस्थाओ से जुड़े कर्मियों की उपस्थिति और उनके कार्य की जानकारी लेकर समीक्षा की जाएगी।

### एनआईटी परिसर में 5 जंगली हाथियों का प्रवेश



**राउरकेला।** बिसरा ब्लॉक अंतर्गत संतोषपुर पंचायत के रिजर्व फॉरेस्ट में प्रवेश करने वाले 26 जंगली हाथी बुधवार सुबह दो हिस्सों में बंटकर अलग अलग दिशाओं में आगे बढ़ गए। हाथियों के इस विभाजन के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल बन गया है। इनमें से 5 हाथी एनआईटी राउरकेला एनआईटी परिसर में घुस आएए जबकि शेष 21 हाथी बिसरा ब्लॉक के जामसेरा पंचायत स्थित खदान टोली इलाके की ओर बढ़ गए। एनआईटी परिसर में हाथियों के प्रवेश की सूचना मिलते ही छात्र छात्राओं और कर्मचारियों के बीच भय का वातावरण उत्पन्न हो गया। संस्थान प्रशासन ने तत्काल एहतियाती कदम उठाते हुए विद्यार्थियों को अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने का निर्देश जारी किया है। इधर राउरकेला वन विभाग की विशेष टीम एनआईटी परिसर में तैनात है और हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। वहीं जामसेरा गांव में 21 हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में भी भय व्याप्त है।

## साढ़े 5 करोड़ सीजीआईटी के लिए भी किया गया प्रावधान, सरिया में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

# पंडरीपानी में खुलेगा 100 सीटर दिव्यांग स्कूल डिग्री कॉलेज बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को पेश किए गए बजट में रायगढ़ जिले को काफी कुछ मिला है। सबसे बड़ी बात यह है कि सीजीआईटी के लिए यहां साढ़े 5 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। सरिया में नर्सिंग कॉलेज खुलेगा और पहाड़ मंदिर के नीचे पंडरीपानी में 100 सीटर दिव्यांग स्कूल के साथ हॉस्टल का निर्माण होगा। डिग्री कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। इसके लिए बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की है। छात्राओं के लिए 100-100 सीटर हॉस्टल खोलने की घोषणा भी की गई है।

प्रदेश सरकार का यह तीसरा बजट है। पहले बजट में ज्ञान की आधारशिला रखी गई थी, दूसरे में विकास की गति को तीव्र करने की रणनीति और अब पेश की गई तीसरा बजट समृद्ध एवं खुशहाल छत्तीसगढ़ के निर्माण का स्पष्ट संकल्प लेकर आया है। इस बजट में रायगढ़ जिले को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे जिले के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। बजट में प्रदेश के पांच शासकीय महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें रायगढ़ भी शामिल है। जिले के प्रतिष्ठित डिग्री कॉलेज के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त रायगढ़ में नवीन सीजीआईटी (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिससे तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए रायगढ़ में 100-100 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण का प्रावधान भी किया गया है। यह पहल बेटियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने के साथ सुरक्षित एवं सुलभ आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। रायगढ़ के पंडरीपानी क्षेत्र में 100 सीटर दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यालय तथा छात्रावास निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा और आवास की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करेगा।



### खरसिया से परमालकसा रेलवे लाइन के लिए बजट प्रावधान

प्रदेश में बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को भी बजट में शामिल किया गया है। रायपुर से विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे तथा खरसिया से परमालकसा रेलवे लाइन जैसी परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास, व्यापार और औद्योगिक प्रगति को नई दिशा देंगी। इन परियोजनाओं से रायगढ़ सहित पूरे अंचल में आवागमन सुगम होगा और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही राज्य के सभी जिलों में नशामुक्ति केंद्रों के संचालन के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पहल सामाजिक सुधार, जनजागरूकता और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। समग्र रूप से देखा जाए तो वर्ष 2026-27 का यह बजट रायगढ़ को शिक्षा, अधोसंरचना और सामाजिक विकास के नए आयाम प्रदान करने वाला साबित होगा।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में समावेशी विकास और जनकल्याण का बजट : चौहान

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए रायगढ़ महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि यह बजट ज्ञान और गति के बाद अब संकल्प के समावेश का प्रतीक है। इस बजट में प्रदेश की जनता के हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है।उन्होंने कहा कि बजट में चिकित्सा सुविधा और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक प्रावधान किए गए हैं, वहीं बेटियों और माताओं के सशक्तिकरण के लिए भी महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है। साथ ही प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की विशेष पहल की गई है, जिससे कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सकेगी। महापौर श्री चौहान ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास की नई आयाम लिखी जायेगीए जिससे इन क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत नगरीय निकायों के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे शहरों में आधारभूत संरचना मजबूत होगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### स्क्रैप माफिया पर पुलिस की छापेमारी

**राउरकेला।** राउरकेला में हाल ही में स्क्रैप माफिया के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, राज्य और उससे बाहर के शहरों जैसे रायगढ़, रायपुर, गोरखपुर, बनारस और पटना तक अवैध स्क्रैप सप्लाई करने वाले बड़े माफिया भुवनेश्वर और रायपुर में आराम फरमा रहे हैं। जबकि स्थानीय पुलिस द्वारा केवल उनके स्टाफ और कुछ छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि रोजाना लाखों का टर्नओवर करने वाले स्क्रैप माफिया नई फाइनेंस गाड़ियों और बीएसएनएल रेल के लोहे को बेधड़क काटकर गलाते हैं। गोदामों में टेंपो के माध्यम से दर्जनों गैस सिलेंडर रोजाना स्क्रैप काटने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके बावजूद बड़े मालिक अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं। राउरकेला और आसपास के क्षेत्रों जैसे मंदियाकूदार, बेलडीह, डांडिया पाली, टीसीआई, राजगंगपुर, कुवारमुण्डा, हाथिबाड़ी, रहमतनगर आदि स्थानों पर स्क्रैप गोदामों में अवैध कारोबार जारी है। वहीं, लो मैग माल के नाम पर कई क्रशर बिना जरूरी कागजों के रोजाना ट्रक माल निकाल रहे हैं। आने वाले समय में बड़े स्क्रैप माफिया की गिरफ्तारी ही इस कार्रवाई की पारदर्शिता और गंभीरता साबित करेगी।



## 4 ट्रक में 28 लाख का 80 टन लोड अवैध कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**जब्त कबाड़ और ट्रक की कीमत करीब 82 लाख**

पूंजीपथरा पुलिस ने चार ट्रक में लोड 80 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है। जब्त कबाड़ का कोई दस्तावेज वाहनों में नहीं था। घरघोड़ा की ओर से रायगढ़ आते समय पुलिस ने सामारुमा के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इस दौरान चालकों ने पुलिस का विरोध भी किया। इसके कारण अलग से धारा भी लगाया गया है।

जानकारी के मुताबिक 23 फरवरी को पूंजीपथरा पुलिस टीम ने घरघोड़ा से रायगढ़ की ओर जा रहे चार ट्रकों को मेन रोड समारूमा के पास घेराबंदी कर पकड़ा। ट्रकों की तलाशी ली गई। उसमें लोहे के एंगल, पाइप, टिन एवं अन्य कबाड़ के टुकड़े लोड था। कबाड़ का वजन करीब 80 टन था इसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 28 लाख 35 हजार आंकी गई है। पुलिस द्वारा कबाड़ और चारों ट्रकों समेत 82 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपियों पर धारा 35(क)ड 303(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस पूछताछ के दौरान ट्रक चालकों द्वारा कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे कबाड़ के चोरी की संपत्ति होने का संदेह हुआ। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों द्वारा पुलिस कार्यवाही का विरोध भी किया गया, जिस पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध अलग से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वाहन चालक सुल्तान खान पिता अमिर खान 60 निवासी कुनकुरी, जाकिर मोहम्मद पिता असीर मोहम्मद 30 निवासी गेरवानी, महकुल अहमद पिता एमडी दाउद अहमद 50 निवासी चैनपुर थाना उमाव जिला बलिया उप्र, रघुबीर यादव पिता हलकाईन यादव 45 निवासी गडिगया थाना नोहटा जिला दमोह मप्र शामिल है।

### दीपक बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक




**रायगढ़।** दीपक डोरा भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक बनाए गए। दीपक डोरा को संयोजक बनाए जाने से व्यापारी समुदाय की आवाज सरकार तक दमदारी से पहुंच सकेगी। स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुन कर दीपक उनका समाधान करने के लिए काम करेंगे। इस दायित्व मिलने के बाद दीपक ने कहा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने से साथ साथ व्यापारी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए वे मजबूती से काम करेंगे। सरकार और व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा और सुविधा उनकी प्राथमिकता होगी। व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। दीपक डोरा समाज सेवा से जुड़े है अग्रोहाधाम के ट्रस्टियों में उनका नाम शामिल है। इसके अलावा वे देह दान एवं नेत्र दान के क्षेत्र में पिछले एक दशक से काम कर रहे है। देह दान एवं नेत्र दान हेतु किए गए कार्यों की गूंज राष्ट्रपति भवन तक भी पहुंची है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान महामंत्री विकास केडिया जतिन साव ने दीपक डोरा की नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए बधाई दी।

## डिजिटल व्यवस्था की अड़चन से थमी राशन आपूर्ति, सैकड़ों परिवारों के चूल्हे पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

फरवरी का महीना खत्म होने वाली है, लेकिन चिंता उस 5 अव्यवस्था ने बढ़ा दी है, जिसने सरसींवा सहित आसपास के क्षेत्रों की शासकीय उचित मूल्य दुकानों की रफ्तार थाम दी है। पिछले लगभग एक सप्ताह से ई पॉस मशीनों में सर्वर नहीं होने के कारण वितरण व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है।

हालात यह हैं कि सर्वर सुबह करीब 10 बजे से लगभग 1.30 बजे तक एक ही टाइम साथ दे रहा है। दूसरे पहर में सर्वर की स्थिति दुकान संचालको के सरदर्द का कारण बन जा रही है । इस सीमित समय में सैकड़ों हितग्राहियों की बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करना संभव नहीं हो पा रहा। नतीजा लंबी कतारें, बढ़ती बेचैनी और खाली हाथ लौटते मायूस लोग।जहाँ दुकान संचालकों का कहना है कि तकनीकी खामी उनके नियंत्रण से बाहर है, परंतु नाराज़गी का सामना उन्हें ही करना पड़ रहा है। मशीन ऑनलाइन नहीं, तो वितरण कैसे हो यह सवाल अब रोज़ की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। कई जगहों पर बहस और तकरार की स्थिति भी बनी, हालांकि अधिकांश लोग हालात को समझते हुए व्यवस्था में सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है, तो उसकी सतत और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है।




### 400 से ज्यादा हितग्राहियों पर संकट

यदि तकनीकी समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो केवल सरसींवा से ही लगभग 400 से अधिक हितग्राही परिवार निर्धारित कोटे से वंचित रह सकते हैं। यह महज़ मशीनों में सर्वर डाउन का मामला नहीं बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़ा प्रश्न है। जब व्यवस्था डिजिटल माध्यम पर निर्भर हो, तो उसकी सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही अनिवार्य है। अन्यथा तकनीकी बाधा सीधे जनजीवन पर असर डालती है।

## आईटीआई सरिया में प्रशिक्षण नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत आईटीआई सरिया में युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में नि शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह योजना 18 से 45 वर्ष के आवेदकों के लिए है। जिसमें कौशल विकास के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। 26 फरवरी को नि शुल्क प्रशिक्षण का आवेदन जमा होंगे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने आईटीआई का निरीक्षण भी किया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत यहां के आईटीआई में युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में नि शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने 26 फरवरी को आईटीआई परिसर सरिया में कैंप का आयोजन किया है। जिसमें इच्छुक प्रशिक्षणार्थी उक्त तिथि को शामिल होकर आईटीआई में अपना फार्म जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी को इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक कोर्स व फ्रिज एसी में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी सरगम गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सरिया में वर्तमान में दो ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने इस मौके पर आईटीआई सरिया का निरीक्षण किया और संपूर्ण जानकारी प्राप्त की ।उन्होंने बताया कि सरिया आईटीआई काफी वर्षों पुराना है एवं जर्जर होने के कारण सरकार द्वारा आईटीआई हेतु भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 64 लाख राशि स्वीकृत किए हैं।

### डीईओ ने ली प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक

## प्राइवेट स्कूलों को बच्चों का ड्रेस करना होगा प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों के संचालकों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीइओ ने कहा कि सभी निजी विद्यालय अपने यहां लागू गणवेश का नमूना विद्यालय परिसर में प्रदर्शित करेंगे। साथ ही सत्र 2026-27 में लागू पाठ्यक्रम की सूची भी सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से चस्पा की जाएगी। इसके अतिरिक्त सूचना पटल पर यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि विद्यार्थी गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकें खुले बाजार से कहीं से भी खरीद सकते हैं। किसी भी विद्यार्थी या पालक को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालयों द्वारा ली जाने वाली अधिसूचित फीस का मदवार विवरण सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जाए। साथ ही विभागीय मान्यता एवं संबंधित बोर्ड की संबद्धता की प्रति भी सार्वजनिक रूप से लगाई जाएए ताकि पालकों को पूरी पारदर्शिता मिल सके। डॉ.राव ने शिक्षा संहिता के अध्याय.6 की कंडिका 95 एवं 96 के अनुसार ही पाठ्यपुस्तकों का चयन करने के निर्देश दिए। चयनित पुस्तकों की सूची संबंधित बोर्ड से अनुमोदित कर सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के साथ उसकी एक प्रति जिला शिक्षा कार्यालय में जमा कराना भी अनिवार्य होगा। कंडिका 97 के तहत स्वीकृत पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तन की निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी विद्यालय अपने नाम से कॉपी या किताबों का मुद्रण नहीं कराएगा और न ही किसी विशेष दुकान से खरीदने के लिए विद्यार्थियों को बाध्य करेगा।

## कलेक्टर ने कहा-एक भी व्यक्ति और परिवार गणना से न छूटे

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत तकनीकी, प्रशासनिक एवं विधिक जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और मैदानी कार्य में पूर्ण सावधानी पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित नहीं रहना चाहिए क्योंकि अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आंकड़े विकास योजनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना.2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक भवन एवं मकान का डिजिटल माध्यम से सूचीकरण होगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय एवं अन्य आवश्यक जानकारी संकलित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### दिनेश बने मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष



**बाकारूमा।** संगठन की मजबूती और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ दिनेश बारीक जी को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। दिनेश बारीक को उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा और युवाओं के बीच अच्छी पकड़ के कारण यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य मंडल के हर बूथ पर युवाओं को संगठित करना और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुँचाना है। दिनेश बारीक जी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा में शिविर आज

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा एवं सशक्तिकरण हेतु दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन दिनांक 25 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनोरा में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत मनोरा अंतर्गत समस्त दिव्यांगजनों का नवीन प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाइल (जिसमें ओटीपी आता हो), फोटोग्राफ (जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो) जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रशिक्षण आज से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रोहित व्यास के निर्देशानुसार आठों विकासखण्डों के समस्त ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाईयों के रजिस्ट्रारों, उप रजिस्ट्रारों जन्म-मृत्यु को प्रशिक्षण 25 फरवरी से 11 मार्च तक दिया जाएगा। इस हेतु जिले के सभी विकासखण्डों में प्रशिक्षण स्थल का चिन्हांकन किया गया है। इनमें 25 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष मनोरा एवं जशपुर में, 26 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष कुनकुरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, 27 को सामुदायिक भवन फरसाबहार, 02 मार्च को सामुदायिक भवन दुलदुला, 06 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष बगीचा, 10 मार्च को प्रतिभा महिला संकुल संगठन भवन कांसाबेल एवं 11 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष पत्थलगांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स 15 मार्च से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 15 मार्च से पंद्रह दिवसीय निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स का आयोजन कराया जा रहा है । जिसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, कोर्स मटेरियल तथा कंप्यूटर बेस्ड मॉक टेस्ट की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई -2 मेन की परीक्षा 02 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पंद्रह दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन-2, 2026 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा जेईई मेन -2 फरवरी के अंतिम तिथि 25 फरवरी है।

---

सीएचएमओ ने गठित की जांच समिति, 7 दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश

# कोल्हेनझरिया के लैब टेक्नीशियन पर लगे आरोपों की होगी जांच

**लैब टेक्नीशियन कुर्रे से मांगा गया स्पष्टीकरण पत्र जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया में महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों (नर्सों) के साथ अभद्रता, अश्लील टिप्पणी और डराने-धमकाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। समाचार पत्रों और मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला से 4 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर दिया है। वही खण्ड चिकित्सा अधिकारी फरसाबहार ने नर्सों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए खुद पीएचसी आकर 5 सदस्यीय जांच टीम के साथ देर रात तक लिखित व मौखिक बयान दर्ज किया है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए आरोपी लैब टेक्नीशियन के अस्पताल में प्रवेश पर फिलहाल ग्रामीणों ने रोक लगा दी है। मंगलवार, 23 तारीख को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित जांच टीम कोल्हेनझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी के.के.डाहीरे भी शामिल रहे। 5 सदस्यीय इस जांच टीम (जिसमें 2 महिला और 3 पुरुष सदस्य शामिल थे) ने अस्पताल पहुंचकर एक-एक कर सभी नर्सों और अन्य स्टाफ के मौखिक तथा लिखित बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने की यह प्रक्रिया इतनी लंबी चली कि रात के 9 बज गए। अस्पताल परिसर में देर रात तक चल रही इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीण भी वहां एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने




इतनी रात तक जांच चलने और मामले को लेकर बीएमओ के समक्ष अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की।

जांच प्रक्रिया में देर रात तक बयान दर्ज करने से नाराज ग्रामीणों ने देर रात बीएमओ से चर्चा की उसी दौरान जांच अधिकारी और वहां मौजूद वीडियो रिकॉर्ड कर रहे कुछ लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई। बीएमओ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षों के बयान ले लिए गए हैं, लेकिन बयानों में विरोधाभास होने के कारण जांच का निष्कर्ष निकालने में अभी 2 से 3 दिन का समय और लगेगा। वही पूरे मामले में अखबारों में खबर प्रकाशित होते ही सीएचएमओ ने जिलास्तरीय टीम गठित कर दिया है। आदेश के अनुसार विभिन्न समाचार माध्यमों में लैब टेक्नीशियन की अभद्रता व धमकी से दहशत में नर्से, आपातकालीन सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी जैसे शीर्षकों से खबर प्रकाशित होने के बाद, सीएचएमओ जशपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने एक जांच समिति का गठन कर 7 दिनों के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वही पृथक से आदेश जारी कर लैब टेक्नीशियन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है विभाग ने आरोपी मेडिकल लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे को उक्त कृत्य के लिए स्पष्टीकरण पत्र कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे 3 दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।


लैब टेक्नीशियन की अभद्रता व धमकी से दहशत में नर्से
आपातकालीन सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी
जांच की जाएगी

### अस्पताल में प्रवेश पर रोक

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। 23 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय जांच टीम के पहुंचने व देर रात तक जांच कर 9:30 बजे मौके पर बीएमओ फरसाबहार के समक्ष ग्राम पंचायत कोल्हेंनजरिया की सरपंच नवीना पैंकरा सहित पंचगणों और स्थानीय नागरिकों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि जब तक मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती और विभाग द्वारा कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक आरोपी लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे को अस्पताल में ड्यूटी पर आने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने उनके अस्पताल प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगा दी है।

### क्या था पूरा मामला

ज्ञात हो कि कोल्हेनझरिया पीएचसी की नर्सों ने बीएमओ को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि ओपीडी के बाद लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे और एक स्टाफ नर्स को ड्यूटी रूम और लैब में कई बार आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया है। विरोध करने पर आरोपी द्वारा नर्सों के चरित्र पर सवाल उठाने, गाली-गलौज करने और नाइट ड्यूटी के दौरान धमकाने के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, आरोपी लैब टेक्नीशियन ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि उसने कोई अभद्रता नहीं की है और केवल ड्यूटी रूम में जाने को लेकर सवाल पूछा था।

---



**योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर सख्त**

# शहरी क्षेत्रों के ढाबों में लकड़ी के बदले एलपीजी गैस का हो उपयोगः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा संबद्ध विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का आकलन किया।

बैठक में खाद्य विभाग, मछली पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों को भी उज्ज्वला योजना से जोड़ने पर जोर दिया। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने फूड इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।

■ उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, मछली पालन विभाग व स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की, अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए

इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों के ढाबों में लकड़ी से खाना बनाने की गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ढाबा संचालकों को एलपीजी गैस कनेक्शन लेकर गैस से ही भोजन तैयार करने के लिए जागरूक करने तथा व्यापक अभियान चलाने को कहा। अभियान के बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वाले संचालकों पर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दिव्यांगजन और आंगनबाड़ी व्यवस्था की समीक्षा

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिव्यांगजन शिविरों एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा शेष प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की जानकारी लेकर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र पूर्ण करने तथा महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### पीएम आवासः कोई भी आवास अपूर्ण न रहे

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री की अनुपलब्धता के कारण आवास निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। अपूर्ण आवासों को हितग्राहियों से चर्चा कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए और कोई भी पात्र परिवार पक्के आवास से वंचित न रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

---

# जनजाति समाज भारत के आधार स्तम्भः प्रबल प्रताप




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शुद्धि आंदोलन के प्रणेता स्वामी श्रद्धान्दनंद जी के अवतरण दिवस पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में करुआ बहाल, सुंदरगढ़ (ओडिशा) में आयोजित ऐतिहासिक एवं आत्मगौरवपूर्ण ₹आंचलिक जनजाति धर्मरक्षा महायज्ञ₹ कार्यक्रम में 210 जनजाति लोगों की अखिल भारतीय घरवापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव नें वैदिक मंत्र उच्चारण, यज्ञ के उपरांत पांव पखारकर सनातन धर्म में घर वापसी कराई। यह अवसर सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रेरणादायी प्रतीक बना।

■ ओडिशा में 210 जनजातीय लोगों की घरवापसी

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद प्रांत कार्यकारी प्रमुख अशोक गांधी, विहिप केंद्रीय सह मंत्री अचुता नंदकर, दिलीप मेहर (विहिप, सुंदरगढ़), करनेल सिंह (विहिप, जशपुर), परमानंद बाघ, अनिल कुमार संतुका (विहिप ओड़िशा) एवं अन्य गणमान्यों की विशेष उपस्थिति रही।यह अभियान स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव के प्रेरणा से संचालित किया गया, जिन्होंने अपने जीवनकाल में ओड़िशा में लगातार घर वापसी कार्यक्रम किए और आज भी यह अभियान उनकी पावन प्रेरणा और धर्मनिष्ठ संकल्प से उनके पुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव निरंतर आगे बढ़ा रहें है। जनजाति समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा हेतु यह प्रयास राष्ट्र एवं धर्म के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण है। हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए संकल्पित हैं कि समाज जागरण और धर्म संरक्षण की यह ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहेगी।कार्यक्रम में प्रबल नें कहा कंधमाल, ओडिशा में ही जनजातियों के मतांतत्रण का षड्यंत्र रच रहें मिशनरी माफिया के विरुद्ध स्वामी लक्ष्मान्दनंद जी नें संघर्ष किया था जिससे उनकी कायरतापूर्ण हत्या कर दी गयी थी। आज का यह घर वापसी उन महान संतो को हम समर्पित करके श्रद्धांजलि देते हैं ₹ जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए देश एवं धर्म के लिए₹ प्रबल जूदेव नें यह भी कहा कि ₹जनजाति समाज भारत के आधार स्तम्भ हैं इसीलिए राष्ट्र विरोधी ताकतें इनको टारगेट करते हैं। ओड़िशा के जनजाति अपने गौरवपूर्ण पूर्वजों के इतिहास एवं योगदान को नहीं भूले। ओड़िशा के कई अमर स्वतंत्रता सेनानी जैसे वीर सुरेंद्र साई, डोरा बिसोयी, चक्र बिसोयी, रिंडो माझी, धरणीधर नायक जैसे जनजाति योद्धाओं नें अंतिम सांस तक अंग्रेजो से लड़ा और मां भारती की रक्षा की. आज अंग्रेज़ खदेड़ दिए गए परन्तु मतांतत्रण का बीज बो दिया जो हमारे धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं इसीलिए हमें मिलकर संघठित होकर राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियों से लड़ना होगा।

---

# दुकानदार को धमकी देने वाले पिता-पुत्र पर एफआईआर



**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के सिंगीबहार गांव में एक दुकानदार को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामला चौकी ऊपर कछार, थाना तपकरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंगीबहार का है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे दो व्यक्ति गांव की एक दुकान पर पहुंचे और दुकानदार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।घटना का वीडियो सामने आते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

### जांच में हुई पहचान

पुलिस जांच में वीडियो में दिखाई दे रहे दोनों व्यक्तियों की पहचान रवि गुप्ता उम्र 27 वर्षऔर उसके पिता युधिष्ठिर गुप्ता उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों उड़ीसा राज्य के सरहदी ग्राम ललकिडीह के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने सिंगीबहार निवासी रमेश कुमार साहू उम्र 51वर्ष की दुकान में घुसकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई

डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच शुरू की गई। प्रार्थी रमेश कुमार साहू की रिपोर्ट पर चौकी ऊपर कछार में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

---

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम सिरिमकेला निवासी स्व. महेन्द्र राम का आकाशीय बिजली से 9 अक्टूबर 20255 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी रजनी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आकाशीय बिजली से ही तपकरा तहसील अंतर्गत ग्राम लावाकेरा निवासी स्व.सतीश एक्का का 17 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी असरीता एक्का हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

---

# कार अनियंत्रित हो गिरी पुल के नीचे, सभी सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर के दमेरा मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा होने की खबर सामने आई है, जहां चराईडांड के समीप एक तेज रफ्तार सिडान कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग जशपुर की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते के एक अंधे मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुलिया के नीचे जा घुसी। इस हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और उसमें सवार पांच लोग घायल हुए हैं।

**अंधे मोड़ पर चालक ने खोया कार पर नियंत्रण**

बेहतर यह रहा कि इस बड़े हादसे के बावजूद किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद आस-पास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकालने और उनकी मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### बनावट के कारण मार्ग खतरनाक एवं चुनौतीपूर्ण

दमेरा-जशपुर मार्ग अपनी बनावट के कारण काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह एक सिंगल रोड है जिसमें कई तीखे और खतरनाक मोड़ मौजूद हैं। ऐसे में तेज रफ्तार गाड़ियों के लिए यहां संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों और प्रशासन द्वारा अक्सर इस मार्ग पर वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है ताकि इस तरह की अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल इस घटना ने एक बार फिर संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार के खतरों को उजागर कर दिया है।

---

संत गाडगे की 150वीं जयंती पर रजक समाज का वार्षिक सम्मेलन

# संत गाडगे समाज सुधार, सेवा और स्वच्छता के प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रजक समाज द्वारा सोमवार को संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर ग्राम बरटोली में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रजक समाज के जिला उपाध्यक्ष घुनेश्वर रजक ने संत गाडगे महाराज के जीवन, उनके त्याग, स्वच्छता आंदोलन, शिक्षा के प्रति समर्पण तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को संगठित होकर शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक एकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। घुनेश्वर रजक ने नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में जल स्त्रोत की समुचित व्यवस्था एवं बाउंड्री निर्माण कराने की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। अरविंद भगत ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता, भाईचारा और समरसता को बढ़ावा मिलता है तथा समाज में जागरूकता का विस्तार होता है। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष बुधराम रजक, उपाध्यक्ष कुलदीप रजक, घुनेश्वर रजक, प्रदीप रजक, शक्ति रजक, गोवर्धन रजक, संदीप रजक एवं विनोद राम सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



### संत गाडगे महाराज कौन थे

संत गाडगे, जिन्हें संत गाडगे बाबा या राष्ट्रसंत गाडगे महाराज के नाम से जाना जाता है, महाराष्ट्र के महान संत, समाज सुधारक और कीर्तनकार थे। उनका वास्तविक नाम डेबूजी झिंगराजी जानोरकर था। उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेंडगांव में हुआ था। वे धोबी (परित) समाज से थे। 20 दिसंबर 1956 को अमरावती जाते समय वलगांव के पास पेढ़ी नदी किनारे उनका देहावसान हुआ।

### सामाजिक योगदान

संत गाडगे महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, दलितों और वंचित वर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे छुआछूत उन्मूलन और सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। वे गांव-गांव घूमकर स्वयं सफाई करते और लोगों को संदेश देते थे कि स्वच्छता ही सच्ची ईश्वर सेवा है।

---

# तीन दिवसीय कृषि क्रांति एक्सपो 8 से 10 मार्च तक

**जशपुरनगर।** जिले में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत 8 मार्च से 10 मार्च तक तीन दिवसीय कृषि क्रांति एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में उन्नत कृषि तकनीकों पर कार्यशालाएं एवं नवाचारों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

एक्सपो में कृषि नवाचार को बढावा देने तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने एवं नई तकनीकों के प्रसार हेतु जिला स्तरीय किसान प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन व्हाट्सएप के माध्यम से अथवा अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पास 01 मार्च तक जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तथा विजेता किसानों की घोषणा 8 मार्च को कृषि महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो के दौरान की जाएगी। कृषि के अलग-अलग क्षेत्रों में जिला स्तरीय किसान प्रतियोगिताएं आयोजित कर किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक बीज संरक्षण प्रतियोगिता में पारंपारिक फसल किस्मों के संवर्धन, संरक्षण एवं आदान-प्रदान को बढावा देने हेतु पारंपरिक बीज संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



# जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफ Style

# आलिया
## बाफ्टा के मंच पर छा गईं

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाड्र्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाड्र्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'



हॉलीवुड मसाला



# थॉर होना बच्चों को नहीं लगता कूल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ मजेदार अंदाज में बताया कि उनके बच्चों को उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लंदन में दिए एक इंटरव्यू में क्रिस ने कहा कि उनके बच्चे उनकी स्टारडम को बिल्कुल भी 'कूल' नहीं मानते। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता बिल्कुल भी नहीं। जब उन्हें पहली बार पता चला कि मैं 'थॉर' हूं, तो उन्हें बहुत कूल लगा। लेकिन, जब उन्हें समझ आया कि मैं सच में उड़ नहीं सकता, तो उन्हें उतना



# गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और।



# अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा


**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



# काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

टीवी मसाला



# पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैंः फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन -चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं।


## पति पर फिर भड़कीं वड़ा पाव गर्ल

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक नई रील शेयर की है। इसमें उन्होंने पति युगम गेरा को चेतावनी दी है और कहा है कि उनके पास सिर्फ 3 दिन का समय है, उसके बाद वह उनका मां वाला रूप देखेंगे। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित बीते 20 दिनों से इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाने से लेकर मिस्ट्री मैन संग प्यार के फूल खिलाने तक के वीडियोज वह शेयर कर रही हैं, जिस पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। हालांकि, उनके पति भी पलटवार कर रहे हैं। इन तीनों के बीच आखिर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी तो हो नहीं सकी है। लेकिन, लेटेस्ट वीडियो में 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट ने 3 दिन की मोहलत जरूर दी है। इंस्टाग्राम पर चंद्रिका ने एक वीडियो बनाकर शेयर की। इसमें वह युगम को चेतावनी देते हुए कह रही हैं, 'दुकान चाहिए? रख। दुकान रखनी थी तो रख। दुकान का एक्सेस रख, पैसे रख, घर-बार सब रख ले। बस एक बात ध्यान से सुन, अब मुझे तुझसे जुड़ी चीज कुछ भी नहीं चाहिए। न तेरा पैसा, न तेरा नाम। तेरा नाम भी नहीं चाहिए। रोज-रोज-रोज... नहीं हो रहा है अब मेरे से।'



# जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज

मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं।



# फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।



### क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम

मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक 27 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है।

## वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा

# भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवाड्र्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स'का बोलबाला रहा।*

**मुंबई।** बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर'सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
- बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
- गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
- बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
- स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतारः फायर एंड ऐश
- ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
- राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)

## खबर संक्षेप



### चिकित्सा शिविर में 430 ग्रामीणों का उपचार

**रायगढ़।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के डॉक्टर गांव गाँव में शिविर लगाकर आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविरों में ज्यादतर वात, उदर, कास, चर्म, बी पीए कमजोरी इत्यादि से पीड़ित रोगी अपना स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। डॉ जागृति पटेल द्वारा शिविर में आए लोगों को जीवन शैली जन्य रोग, आहारविहार, योगासन, स्वछता, नशापान के संबंध में विभिन्न प्रकार के पंपलेट द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### कपड़े उतारकर प्रदर्शन कांग्रेस की कुंठित मानसिकताः अरुणधर



**रायगढ़।** एआई समिट में कांग्रेस द्वारा कपड़े उतारकर विरोध प्रदर्शन किए जाने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा सत्ता नहीं मिलने पर कांग्रेस बौखला गई है और अब कांग्रेस की बेजा हरकतों से उसके सहयोगी दल भी परेशान हो गए है। दीवान ने कहा कांग्रेस विपक्ष नहीं बल्कि उसके साथ सहयोगी दल भी है उन्हें विश्वास में लिए बिना कांग्रेस मनमाने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर भाग खड़ी होती है। कांग्रेस का इको सिस्टम पूरे विश्व में भारत की छवि धूमिल करने में लगा है जिससे मोदी सरकार को किसी तरह से रोका जा सके। हाल में ही कांग्रेस की महिला सांसदों को प्रधानमंत्री मोदी के कुर्सी के इर्द गिर्द व्यवधान करने के लिए इस्तेमाल किया गया। दीवान ने पूछा कि ऐसी ओछी हरकतों से प्रधान मंत्री की कुर्सी हासिल नहीं की जा सकती इसके लिए चुनावी मैदान में जनता का दिल जीतना पड़ता है।

### डीटीपी कंप्यूटर कोर्स के लिए 26 को काउंसलिंग

**सारंगढ़।** 18 वर्ष या अधिक उम्र के युवा को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा जिसके लिए 26 फरवरी को काउंसलिंग की जाएगी। लेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशंस सहायक कोर्स के लिए 10 वीं उत्तीर्ण युवा प्रशिक्षण संस्था सारंगढ़ में और डीटीपी कंप्यूटर कोर्स के लिए 12 उत्तीर्ण युवा केपी युवा कौशल प्रशिक्षण केंद्र बंधापाली बरमकेला रोड में शामिल हो सकते हैं।

### गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

# कलेक्टर की चेतावनी...जल जीवन मिशन के काम 31 मार्च तक हो पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टोरेट सभा कक्षए रायगढ़ में आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और लंबित तथा प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरत्न सहित जिले के सभी विकासखंडों के सहायक अभियंताए उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी निर्माण एवं स्थापना कार्य 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सतत स्थल निरीक्षण एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजनाओं को नियमानुसार ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने की प्रक्रिया तत्काल सुनिश्चित की जाए। यदि किसी पंचायत स्तर पर राष्ट्रीय योजनाओं के पूर्ण होने के बाद हैंडओवर लेने में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो ऐसी ग्राम पंचायतों की सूची जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति उदासीनता बरतने वाली पंचायतों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

कलेक्टर ने विभागीय तकनीकी टीम को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ठेकेदारों से एक एक कार्य की समीक्षा करते हुए विभागीय समन्वय के अभाव में रुके हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित विभागीय अधिकारी।



# 36 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित दो मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट्स ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। संयंत्र के परिधीय क्षेत्र के 23 गाँवों और रेल लाइन क्षेत्र के 18 गाँवों सहित कुल 41 गाँवों में पहुँचकर टीम ने 36,525 ग्रामीणों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराईं।

ये मोबाइल यूनिट्स अदाणी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में हेल्पएज इंडिया द्वारा संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक यूनिट में एक डठठे डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक ड्राइवर और एक सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर शामिल हैं, जो निर्धारित रूट प्लान के अनुसार नियमित रूप से शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को उपचार एवं परामर्श प्रदान करते हैं। वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 1,137 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जिनमें 36,525 लोग लाभान्वित हुए। इनमें 14,705 पुरुष, 16,471 महिलाएँ तथा बड़ी संख्या में बुजुर्ग मरीज शामिल थे। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य जाँच और उपचार की सुविधा के अभाव में इन समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा साबित हुई है। टीम ने वर्षभर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण एवं सेवाएँ प्रदान कीं। इनमें 16,687 बीपी जाँच, 2,412 शुगर टेस्ट तथा 397 हीमोग्लोबिन परीक्षण शामिल हैं। टीम ने 89 घरों में जाकर असमर्थ एवं बुजुर्ग मरीजों को उनके घर पर ही दवाइयाँ और उपचार उपलब्ध कराया। इसके अतिरिक्त, 162 स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों के माध्यम से 3,361 ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श दिया गया।

# कर्मचारियों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल



**सरिया।** राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की घोषणा का कर्मचारी अधिकारी वर्ग ने हर्षपूर्वक स्वागत किया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब राज्यकर्मी बिना आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण इलाज प्राप्त कर सकेंगे। बजट में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने से स्पष्ट है कि सरकार कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सम्मान के प्रति गंभीर एवं प्रतिबद्ध है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बरमकेला के जिला संयोजक नंदकिशोर पटेल ने इस निर्णय को श्कर्मचारियों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी वर्ग कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग कर रहा थाए जिससे इलाज के दौरान अग्रिम राशि जमा करने और जटिल प्रतिपूर्ति प्रक्रिया की परेशानी से मुक्ति मिल सके। सरकार द्वारा इस मांग को स्वीकार करना कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है। पटेल ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सहित समस्त मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल कर्मचारियों बल्कि उनके आश्रित परिवारों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित और सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी तथा आर्थिक तनाव में कमी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सदैव रचनात्मक संवाद के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाता रहा है और भविष्य में भी कर्मचारियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

### उद्यमिता, हस्तशिल्प सांस्कृतिक विविधता का राष्ट्रीय महाकुंभ

**राउरकेला।** 27 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित सरस स्वदेशी मेला की मेजबानी के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सेक्टर 13 स्थित मिलन मैदान में आयोजित इस भव्य मेले का आयोजन ओरमास द्वारा सुंदरगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। आरएमसी कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार की शाम आयोजित प्रेस वार्ता में सुंदरगढ़ के कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों, ग्रामीण उद्यमिता और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त मंच प्रदान करना है। यह मेला कारीगरों और उत्पादक समूहों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूह एसएचजी उत्पादक समूह पीजी और कारीगर भाग लेंगे। लगभग 380 से अधिक स्टॉलों में हस्तशिल्पए हथकरघा वस्त्रए जैविक उत्पाद, पारंपरिक खाद्य सामग्री और ग्रामीण नवाचार प्रदर्शित होंगे।

# करोड़ों रुपए राजस्व देने वाले रजिस्ट्री आफिस में ढेरों अव्यवस्थाएं, बैठने के लिए जगह भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से स्थापित पुसौर में रजिस्ट्री कार्यालय इतनी कारगर साबित हुई है कि पुसौर ही नहीं बल्कि जिला मुख्यालय के लोगों के लिये भी यह कार्यालय बहुत ही लाभप्रद हुआ है चूंकि आए दिन वहां के लोग यहां आकर जमीनों के खरीद-बिक्री के दस्तावेज बनवाते रहे हैं।

रजिस्ट्री कार्यालय के स्थापना दिवस से अब तक करीब 800 रजिस्ट्री हो चुका है जिसमें स्टाम ड्यूटी के साथ सरकार के खजाने में एक करोड से अधिक राजस्व जमा हुआ है इसके बावजूद उक्त कार्यालय आए दिन अव्यवस्था का शिकार हो रहा है। सारे काम आन लाईन होने के कारण हमेशा ही कम्प्यूटर आन रखना होता है वहीं साईबर की स्थाई कनेक्षन की आवश्यकता होती है ऐसे स्थिति में स्थाई रूप से विद्युत सुविधा की जरूरत होती है जो इस कार्यालय में आज 8 माह हो गए नहीं हो पाया है जिसके लिए जमीन के क्रेता विकेरता रजिस्ट्री कार्यालय के आसपास घुमते रहते हैं और बिजली का इंतजार करते हैं बताया जाता है कि यहां पयाप्त इलेक्ट्रानिक स्ट्रमेंट का अभाव है जिसके लिए यहां के कर्मचारी जुझ रहे हैं। नाम न छापने के शर्त पर यहां के स्टाफ ने बताया कि इन्वर्टर के लिए हम कई बार आवेदन दे चुके हैं जिसके लिए शासन स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।



### रजिस्ट्री के बढ़े हुए दर पर लोगों का रोष

पुसौर और क्षेत्र के जमीन के रजिस्ट्री दर में काफी वृद्धि हो जाने से लघु एवं सीमांत किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है चूंकि ये छोटे किसान अपनी जमीन की चौहद्दी सुरक्षित करने के इरादे से पडोसी किसान का थोडी सी जमीन अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने पर उसे स्क्वायर फुट में जमीन रजिस्ट्री कराना पड़ रहा है जिसमें जितने की जमीन नही होती है उससे कई गुना रजिस्ट्री का खर्च आ रहा है इस तथ्य पर किसानों की मांग है कि रजिस्ट्री के इस दर को पूर्ववत किया जाए।

### सप्ताह में 3 दिन ही हो रही रजिस्ट्री

पुसौर तहसील क्षेत्र के 230 ग्रामों के भू स्वामी और उसके जमीन के खरीददार आये दिन रजिस्ट्री कार्यालय के लोगों के संपर्क में रहते हैं कि आज रजिस्ट्री हो पाएगा या नहीं। जिस पर जबाब मिलता है कि आज उप पंजीयक साहब छुट्टी में हैं। सर्वर डाउन है या फिर कोई अन्य कारण बताया जाता है। उक्त कार्यालय में पदस्थ उप पंजीयक के निजी कारणों से छुट्टी में होने पर उसके स्थान पर तत्काल प्रभारी उप पंजीयक का पदस्थापना की मांग की जा रही है। सरिया रजिस्ट्री कार्यालय के उप पंजीयक पुनम सिदार ने बताया कि उन्हें सरिया का भी काम देखना होता है इसलिए यहां वे पर्याप्त समय नहीं दे पाते। इसके कारण यहां सप्ताह में 3 दिन ही रजिस्ट्री होती है। साथ ही यहां बैठने तक की व्यवस्था नहीं है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने बताया बजट को ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता वेदराम जांगड़े ने बजट को विकास का निर्णायक और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि यह पूर्ववर्ती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए कथित कुप्रबंधन का उत्तर है। जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश नई आर्थिक दिशा की ओर अग्रसर है।

उनके अनुसार महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए किए गए ठोस प्रावधान राज्य की सामाजिक आर्थिक संरचना को सुदृढ़ करेंगे और नक्सल प्रभावित अंचलों में विकास की रफ्तार तेज करेंगे। समग्र रूप से देखा जाए तो संकल्प बजट आकार और प्राथमिकताओं की दृष्टि से व्यापक है। अब इसकी वास्तविक सफलता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जमीनी परिणामों पर निर्भर करेगी।

### बजट में आंकड़ों का विस्तार, बिलाईगढ़ फिर हुआ उपेक्षा का शिकार : चंद्रदेव



छत्तीसगढ़ में आज प्रस्तुत राज्य बजट पर बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट समावेशी विकास का दावा तो करता है पर ज़मीनी संतुलन और क्षेत्रीय न्याय के प्रश्नों पर मौन है। राय ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को आंकड़ों की बाज़ीगरी और प्राथमिकताओं के असंतुलन का दस्तावेज़ बताया।पूर्व विधायक राय ने कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि समर्थन मूल्य, सिंचाई विस्तार, कृषि प्रसंस्करण और भंडारण संरचना के लिए घोषित प्रावधानों में कोई स्पष्ट समयसीमा या क्षेत्रवार प्राथमिकता नहीं दर्शाई गई। किसान को घोषणाओं से नहीं, लागत में राहत और आय में स्थायित्व चाहिए। रोजगार और कौशल विकास पर उन्होंने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उल्लेख अवश्य है किंतु प्रत्यक्ष सरकारी नियुक्तियों की संख्या, विभागवार रिक्त पदों की पूर्ति और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया पर स्पष्टता नहीं है। प्रदेश का युवा केवल आश्वासन से संतुष्ट नहीं है।

# विधायक ने विधानसभा में उठाया राजस्व का मुद्दा



**सारंगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने बिलाईगढ़ विकासखंडों में ऑनलाइन और ऑफलाइन राजस्व अभिलेखों की विसंगतियों का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने का प्रयास किया।

उन्होंने राजस्व मंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि क्या तहसील कार्यालयों में संधारित ऑफलाइन मिसल और ऑनलाइन भुईया पोर्टल के रिकॉर्ड में अंतर के कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने रिकॉर्ड दुरुस्ती, फौती और नामांतरण प्रकरणों में हो रही देरी तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर भी सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। उनके सवालों को सदन में गंभीरता से लिया गया और इसे क्षेत्र के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण मुद्दा माना गया। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने जवाब में कहा कि जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में अत्यधिक भिन्नता नहीं है तथा त्रुटि सुधार का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों में 5,496 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,646 का निराकरण किया जा चुका है और 850 आवेदन लंबित हैं। साथ ही मार्च अप्रैल 2026 में विशेष शिविर राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने की घोषणा भी की गई।

**समक्ष नोटरी, रायगढ़**

**शपथ पत्र**

मैं संजय कुमार केंवट आ. रामकली उम्र 32 वर्ष, निवासी गांधी नगर रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूं कि:

1. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम संजय कुमार अंकित है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम संजय कुमार केंवट अंकित है।
3. यह कि उक्त संजय कुमार एवं संजय कुमार केंवट दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात् मेरे ही नाम है और अब मुझे संजय कुमार केंवट के नाम से जानी पहचानी एवं अंकित किये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता- संजय कुमार केंवट

**सत्यापन**

मैं संजय कुमार केंवट आ. रामकली उम्र 32 साल निवासी गांधी नगर रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 में वर्णित कथन मेरे स्वतः की जानकारी से सही एवं सत्य है। अतः आज दिनांक को उक्त शपथ पत्र को पढ़कर समझकर इस पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायगढ़, दिनांक 23.02.2026

शपथकर्ता- संजय कुमार केंवट

# सुभाष और नंदकिशोर की पहल से कर्मचारी हितों को मिली नई दिशा



**सरिया।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सरिया, बरमकेला जिला सारंगढ़ के तहसील संयोजक सुभाष चौहान एवं ब्लॉक संयोजक तथा शिक्षक नेता नंदकिशोर पटेल की सक्रिय पहल पर नया रायपुर स्थित संचलनालय, रायपुर में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा से रायपुर में एक बैठक में सौजन्य भेंट किया।

इस मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने क्षेत्र के कर्मचारियों की जमीनी समस्याओं, सेवा संबंधी जटिलताओं एवं मंत्रालय स्तर पर लंबित विभिन्न प्रकरणों को गंभीरता के साथ प्रांतीय संयोजक के समक्ष रखा। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और कर्मचारियों के हितों के प्रति सजगता के साथ कार्य का निर्णय लिया। तहसील संयोजक सुभाष चौहान द्वारा संगठनात्मक मजबूती, समन्वय एवं कर्मचारियों की आवाज को प्रभावी। ढंग से मंच तक पहुँचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। वहीं ब्लॉक संयोजक व शिक्षक नेता नंदकिशोर पटेल द्वारा शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं को तथ्यात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिससे बैठक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी। मुलाकात के दौरान पदोन्नतिए वेतन विसंगति, लंबित प्रशासनिक प्रकरणों एवं अन्य सेवा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026 | 25 अप्रैल, 2026 | 16 मई, 2026
राशि स्लीपर ₹21,500/- ऑफर ₹18,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त